हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 3 अगस्त 2025

06 ... यहां कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, सामान्य...



09 बीच सड़क पर लगाया जा रहा राखी बाजार, बाधित हो...





पचमढ़ी ने ओढ़ी हरियाली की चादर

## अति वर्षा के बाद बारिश से मिली राहत, नागद्वार मेले के बाद पर्यटकों का आना शुरू, जिले में पिछले वर्ष से अब तक लगभग 106 मिमी अधिक वर्षा दर्ज हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

जिले में पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। हालाकि अभी बारिश का मौसम बांकी है। लेकिन दो दिनों से बारिश पर विराम लग चुका है। ऐंसे में चारों तरफ हरियाल ही हरियाली छाई हुई है जो लोगों का मन मोह रही है। ऐंसें में पचमढ़ी में पिछले दो दिनों से पचमढ़ी का मौसम काफी सुहाना है और हल्की-फुल्की फुहार के साथ ज्यादातर वक्त धूप निकल रही है। मौसम के बदलने के साथ ही बड़ी तादाद में पर्यटक पचमढ़ी पहुंचे। खुले मौसम में पर्यटकों ने धूपगढ़ से नज़ारों का लुत्फ़ लियाधूपगढ़ की चोटी पर खड़े होकर, दूर-दूर तक फैली हरियाली और घने जंगल दिखाई देते हैं।

शांत वातावरण और ठंडी हवा, शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर, एक सुकून भरा एहसास देती है। यह जगह उन लोगों के लिए एकदम सही है जो प्रकृति के करीब समय बिताना चाहते हैं। यहाँ से दिखने वाले नज़ारे, फोटोग्राफरों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक विशेष उपहार हैं।

### पर्यटन में हुआ इजाफा

बारिश के मौसम में पचमढ़ी की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। हरी-भरी घाटियाँ, घने जंगल और झरने पानी से लबालब भर गए हैं, जो पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। धूपगढ़ से दिखने वाले मनमोहक नज़ारे भी अब और साफ हो गए हैं।स्थानीय होटल और पर्यटन व्यवसायी भी पर्यटकों की बढ़ती संख्या से उत्साहित हैं। उनका कहना है कि बारिश रुकने के बाद से बुकिंग्स में काफी इज़ाफा हुआ है।

### जिले में अब तक 887 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 02 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 887.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 781.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 1 अगस्त से 2 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 4.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 8.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 2.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.4 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.90 फीट है, तवा जलाशय का 1160.30 फीट है, बरगी जलाशय का 418.30 मीटर एवं बारना जलाशय 347.13 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले के आयोजन हेतु सौंपे गए दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 20 अगस्त 2025 को शासकीय महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में किया जाएगा।

### विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार दिनांक 1 अगस्त को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के एमसीएच वार्ड में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के दिशानिर्देश में सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले, आरएमओ डॉ गजेंद्र यादव एवं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। विश्व स्तनपान दिवस एक बहुत ही महत्वूपर्ण कार्यक्रम हैं। आरएमओ द्वारा प्रसूता माताओं को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें, स्तनपान से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं बलवान होंगे, साथ ही उन्होंने माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी ताकि मॉ और बच्चे स्वस्थ रह सकें। प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोले पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे

## हादसों में जनहानि का होना दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं को रोका जाएः न्यायमूर्ति सप्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने शनिवार को अपने नर्मदापुरम प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा की। न्यायमूर्ति सप्रे ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक कर जिले में पिछले 5 वर्षों में हुए हादसों उनके कारण तथा हादसों के दौरान हुई मृत्यु की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्षों में सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठकों की जानकारी भी ली तथा उन बैठकों के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए मामलों में क्या सुधार कार्य किए गए हैं इसकी जानकारी भी ली। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा बताया गया कि पूर्व में आयोजित बैठकों के दौरान 25 से अधिक ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित किए गए थे उन्हे खत्म कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक ली।



### खराब इंजीनियरिंग पर करें कठोर कार्रवाई

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि सड़क हादसों में जनहानि होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सड़क हादसों में केवल पीड़ित ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार भी इस विपत्ति के कारण कष्टों का सामना करता है। बैठक के दौरान न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के लिए बिना हेलमेट के यात्रा, बिना सीट बेल्ट के यात्रा, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से गाड़ी चलाना तथा ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे कारण भी प्रमुख है। उन्होंने कहा इन सब की अतिरिक्त इंजीनियरिंग फैलियर भी सड़क हादसों को आमंत्रित करने की एक प्रमुख वजह है। उन्होंने कहा कि खराब इंजीनियरिंग तथा गुणवत्ता हीन सड़कों के निर्माण के लिए संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाना सुनिश्चित किया जाए।

### पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल की नीति लागू करें

एक अन्य सुझाव देते हुए श्री सप्रे ने कहा कि जिले के पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल की नीति भी लागू करें जिससे लोगों में हेलमेट पहनना एवं सीट बेल्ट लगाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले। इसी प्रकार सड़कों पर पर्याप्त मात्रा में संकेतक और साइनेज लगाए जाएं। मुख्य स्थान पर गति अवरोधकों को भी स्थापित करें। बैठक के अंत में कलेक्टर ने न्यायमूर्ति सप्रे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके विचार एवं सड़क सुरक्षा के लिए दिए गए सुझाव अत्यंत बहुमूल्य है। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल करेगा तथा आगामी माहों में सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के लिए भी लागू हो हेलमेट अनिवार्यता

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि मानक स्पीड में वाहन नहीं चलाने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग सख्ती से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहनों की फिटनेस, बीमा, ड्राइवर के ड्राइविंग लाइसेंस, वैद्य संचालन परमिट तथा परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किए गए अन्य मापदंडों के अनुसार ऐसे वाहनों की भी परिवहन विभाग द्वारा नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि स्कूलों में भी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्यता का नियम भी लागू किया जाए तथा प्रयास किए जाएं की स्कूलों में विद्यार्थियों के आवागमन के लिए अधिक से अधिक बसों का उपयोग हो तथा कोई भी विद्यार्थी यातायात नियमों के विरुद्ध वहां ना चलाएं इसकी भी नियमित जांच हो।

## गृहविज्ञान महाविद्यालय में हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक

कर्मचारियों की समस्याओं पर जिला स्तरीय मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में आज प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिले के विभिन्न शासकीय विभागों से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पिछली बैठकों में विचाराधीन किन्तु अभी तक निराकृत न हुए बिंदुओं को पुनः शासन के समक्ष भेजा जाएगा। कर्मचारियों ने पदोन्नति, वरिष्ठता सूची के प्रकाशन और प्रयोगशाला परिचारकों को वरिष्ठ पद का प्रभार देने का मुद्दा उठाया। साथ ही आईएफएमएस में पदनाम त्रुटि को सुधारने हेतु आवेदन की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष, मप्र कर्मचारी संघ राजेश चौरे, जिलाध्यक्ष अजाक्स एनआर हरियाले, सचिव, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ रविशंकर दुबे, जिलाध्यक्ष, लिपिक वर्ग अरविंद तिवारी, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, राजस्व अधिकारी संघ अध्यक्ष शिवम पांडे , जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्यगण और परामर्शदात्री समिति प्रभारी डॉ. संगीता अहिरवार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### बैठक में उठे प्रमुख मुद्दे

आउटसोर्स और जनभागीदारी कर्मचारियों की नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर का पालन कराया जाना, वित्तीय सेवा पुस्तिकाओं का अद्यतन, कॉलेज परिसर की सुरक्षा हेतु इंटेकबेल पर CCTV कैमरे, मुख्य द्वार पर पुलिस चौकी एवं नियमित पेट्रोलिंग की मांग, कॉलेज के आसपास ठेले-फेरी हटाने हेतु ट्रैफिक पुलिस से कार्रवाई, विकासखंडवार परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने का सुझाव आदि शामिल हैं।

## एसपीएम स्कूल के परिसर में सांसद, विधायक सहित नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपा द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार को शाउमावि प्रतिभूति कागज कारखाना परिसर में अतिथिगणों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अतिथिगणों ने सभी बच्चों से कहा कि अपने जन्मदिन पर हर साल एक पौधा जरूर लगाएं, जिससे पर्यावरण संवारेगा साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए सौगात होगी। स्कूल कार्यक्रम के दौरान अतिथिगणों द्वारा बच्चों को शासन की योजना के तहत साइकिल प्रदान की गई। पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पार्षदगण, स्कूली बच्चे और शिक्षक के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, सागर शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, अमित माहाला आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण में जीते एनसीसी केडेट्स




**नर्मदापुरम।** 13 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देशन में समेरिटंस स्कूल के कैडेट्स एन दिनों पर्यावरण संरक्षण में जीते हुए हैं। 13 एमपी बटालियन के कैडेट्स ने शनिवार को वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया। सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स ने पेड़ की महत्वता दर्शाते हुए गीत मां के नाम का पेड़ लगा लो, पर नुक्कड़ नाटक किया। इस गीत की रचना एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव ने की है। इसके उपरांत सभी कैडेट्स ने राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत नारे लगाए। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, हवलदार घमंडा राम, केयरटेकर एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय शामिल रहे। एवं छात्रों ने मिलकर संस्था परिसर में पौधे लगाए। डॉ शर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं को अपनी माँ के नाम पर पौधे लगाने के लिए जागरूक करना और प्रेरित करना है। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक जीवन में धरती माँ की रक्षा की ज़िम्मेदारी के रूप में कुछ सरल कार्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## नगर व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही को लेकर युवा करेंगे शासन का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री समर्पण श्री लगातार आवेदन नगरपालिका परिषद व मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कर रही है कि जो नैतिक जिम्मेदारी नगरपालिका की है वो सुविधा उपलब्ध हो, जिसमें सबसे बड़ी कमी नगर में स्वच्छता है परंतु हमे आश्वासन देने के बाद भी आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। मानो नगर के अधिकारियों को गन्दगी में ही रहने की आदत हो चुकी है। शनिवार को भगत सिंह का तरीका अपनाते हुए समिति द्वारा नगर के मुख्य हृदयस्थल सतरस्ते के शौचालय में नगरीय प्रशासन को चिपकाया गया और टॉयलेट सीट में पोस्ट जलाकर डालें जिससे उन्हें नगर में स्वच्छता के हालात दिखे ओर नही दिख रहे है तो गन्दगी में रहने की आदत तो है ही, इसके अतिरिक्त अन्य मांगे जैसे रोड पर गड्ढे, पार्कों में अव्यवस्था, बिजली, आवारा मवेशियों पर भी परिषद बिल्कुल मौन है अगर जल्द ही व्यवस्थाओ में सुधार नही होता है तो यह जनांदोलन अब जनता के साथ ओर उग्र होगा।। समिति के सदस्य स्वदेश सैनी स्वदेश सैनी राज खिल्लारे रोहित कलोसिया आकाश सोनी गोलू राजपूत अजय यादव राहुल राव अनिल राजपूत आशु पटेल आदि शामिल रहे।

## वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक का आयोजन द प्राइम लैंड होटल बाबई रोड,में किया गया। इस मौके पर डॉ प्रदीप जैन ने बताया कि इस समिति की बैठक प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होती है । बैठक का मूल उद्देश्य वरिष्ठ सदस्यों का आपस में मिलना ,सुख-दुख में सहयोग करना ,सदस्यों का जन्मदिन मनाना ,उम्र के हिसाब से खेल, योग, मनोरंजन की गतिविधियां आदि आयोजित करना है। इसके अलावा सामाजिक कार्यों में वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर , मंदिरों में जाकर आरती,15 अगस्त के कार्यक्रमों आदि का भी आयोजन किया जाता है। इस समिति का उद्देश्य वरिष्ठ जन जो कि अकेले या पति-पत्नी के साथ रह रहे हैं उन्हें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता पर तुरंत यह सदस्य उनके साथ उपस्थित होकर उन्हें अस्पताल पहुंचाना सहयोग करना आदि का कार्य करेंगे । बैठक में मालाखेड़ी क्षेत्र में बसंत दुबे , एनसी जैन, सुरेश पगार आदि शामिल रहे।

कौन बनेगा मैथ्स चैंपियन प्रतियोगिता आज

## बच्चों के बौद्धिक विकास और तेज गणना कौशल को निखारने कौशल विकास समिति का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बच्चों के बौद्धिक विकास और तेज गणना कौशल को निखारने के उद्देश्य से कौशल विकास समिति द्वारा प्रतियोगिता कौन बनेगा मैथ्स चैंपियन 2025 आज 3 अगस्त (रविवार) को आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 7 से 15 वर्ष की उम्र के छात्र भाग ले रहे हैं, जो मात्र 10 मिनट में 150 गणितीय प्रश्नों को हल करने की चुनौती स्वीकार करेंगे।

समिति के मनीष बिल्लौरे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य नन्हे बच्चों में तेजी से सोचने, गणनात्मक समझ विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए गणित को सर्वश्रेष्ठ माध्यम के रूप में प्रस्तुत करना है। विशेष बात यह है कि बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार विभिन्न स्तरों पर विभाजित किया गया है, और प्रत्येक स्तर पर उम्रानुकूल जोड़, घटाना, गुणा, भाग और जटिल गणनाओं वाले प्रश्न पूछे जाएंगे, जिन्हें बच्चे तेज़ी से हल करेंगे।

यह आयोजन बच्चों की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मानसिक संतुलन और गणनात्मक आत्मविश्वास को विकसित करने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में दोपहर 1:00 बजे से किया जा रहा है। कौशल विकास समिति द्वारा इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष नर्मदापुरम जिले में किए जाते हैं, जिससे बच्चों को उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है।

### नर्मदा ब्रिज के पास भीषण हादसा, युवक-युवती की मौके पर ही मौत

**नर्मदापुरम।** नर्मदा ब्रिज के पास शनिवार शाम फिर एक हादासा हो गया जिसमें एक ट्रक ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी जिससे दोनों की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। मृतक युवती और युवक होशंगाबाद के ही रहने वाले थे। दोनों के नाम रूपेश शर्मा और दिव्या सोलंकी से हुई है। गत 18 जून को नर्मदापुरम निवासी अनोखी यादव की उसके एक अन्य के साथ यहीं पर एक दुर्घटना हुई थी। जिसमें दोनों की मौत हो गई थी। डेढ़ माह के अंदर यह दूसरी घटना है। अभी दो दिन पहले ही पुलिस प्रशासन और कलेक्टर ने इसे डेंजर स्पॉट मानकर भ्रमण किया था पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं ट्रक को जब्त कर मर्ग कायम कर लिया गया है। ट्रक ड्राईवर फरार है।

## एसपीएम में साइबर जागरुकता पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिभूति कागज कारखाना में साइबर फ्रॉड से बचने के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आरंभ मुख्य महाप्रबंधक बेंकटेश कुमार एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । विस्तृत जानकारी देते हुए उपमहाप्रबंधक (राभा/जनसंपर्क) संजय भावसार ने बताया कि साइबर फ्रॉड क्या है और साइबर फ्रॉड कैसे होते हैं ,से शुरू हुए इस कार्यक्रम में साइबर ठगी से कैसे बचा जा सकता है जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर साइबर सेल के निरीक्षक श्री प्रवीण चौहान एवं उनकी टीम के सदस्यों श्री संदीप यदुवंशी, दीपेश सोलंकी एवं बंटी चौहान द्वारा अपने अनुभवों को साझा कर विस्तृत रूप से प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया।

नर्मदापुरम पुलिस की सायबर टीम द्वारा अपनी प्रस्तुति में बताया गया कि हर अनजान कॉल के प्रति जागरूक रहकर एवं आवश्यक एप की विश्वसनीयता जांच-परखकर ही उसे अपने मोबाइल मे डाउनलोड करें।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने कृष्णा देवी शुक्ला को दी श्रद्धांजली

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री स्व. विजय शुक्ला, एवं रतनपुर मंडल के भाजपा नेता प्रशांत शुक्ला की माताजी श्रीमती कृष्णा देवी शुक्ला के असामयिक निधन पर जिला भाजपा परिवार ने शोक संवेदनाए व्यक्त की है। श्रीमती शुक्ला के निधन पर जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओ ने दुख की इस घडी में ईश्वर से दिवंगत की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुखः सहन करने की कामना परमपिता परमेश्वर से करते हुए भावभींनी श्रृद्धांजलि अर्पित की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार , विधायक महेन्द्रसिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, डा.योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मंडल अध्यक्ष रतनपुर कृष्णा यादव सहित जिले के समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रमुख है।

### जिले में फसल बीमा की तारीख 14 तक बढ़ी

**बैतूल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में फसलों का बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ है। कृषि अधिकारी आनंद बडोनिया ने बताया कि फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाते हुए अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त एवं ऋणी कृषकों के लिए 31 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि कृषक को दिए गए प्रीमियम राशि सोयाबीन 840 रुपए, मक्का 722 रुपए, धान सिंचित 814, धान सिंचित 651 रुपए, अरहर 735 रुपए प्रति हेक्टेयर है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने के लिए इच्छुक कृषक अपनी निकटतम बैंक शाखा सरकारी समिति अधिकृत चैनल, जन सेवा केंद्र, कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं और इन्हीं कृषकों के फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज बैंक पासबुक फसल बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बही एवं बटाईदार किसान या किराए पर ली गई भूमि के लिए मौलिक द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने जिले के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जुडक़र योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### पुत्रदा, पवित्रा एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह 5 को होगा

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में पुत्रदा, पवित्रा एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 5 अगस्त दिन मंगलवार को शाम 6 बजे से तुलसी भवन विनोबा नगर बैतूल में आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को पवित्रा अथवा पुत्रदा एकादशी कहा जाता है। पद्म पुराण के अनुसार इस एकादशी का विशेष महत्व बताया गया है। यह व्रत विशेष कर उन दंपतियों के लिए अत्यंत फल दायक होता है जो संतान सुख की कामना रखते हैं।

### पुलिस ग्राउंड में आज होगी 1600 मीटर दौड़

**बैतूल।** पुलिस ग्राउंड में आज रविवार 3 अगस्त को 1600 मीटर की फौजी दौड़ चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मेरा वतन वेलफेयर फाउंडेशन बैतूल के तत्वावधान में एवं आरए स्पोर्ट्स बैतूल द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का समय सुबह 5 बजे से निर्धारित है, जिसमें पूरे जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। यह दौड़ विशेष रूप से उन युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्होंने भोपाल एआरओ अग्निवीर (आर्मी) 2025 की लिखित परीक्षा पास की है।

### आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**बैतूल।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज 3 अगस्त रविवार को जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों और जिला मुख्यालय बैतूल में आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में आदिवासी समाज के स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

---

### जिला अस्पताल में सेवानिवृत्ति के बाद नहीं हुई पदस्थापना, मरीजों की जेब पर पड़ रही खर्चे की मार

# ... यहां कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, सामान्य मरीजों को बाहर से करना पड़ रहा सोनोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल बिना रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के संचालित हो रहा है, यहां जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वह सेवानिवृत्त हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है। जिस समय डॉक्टर के सेवानिवृत्ति की तिथि नजदीक थी, उस समय से अस्पताल प्रबंधन ने रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग कर रहा है। लेकिन नये डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी। जिससे मरीजों को सोनोग्राफी कराने में दिक्कते हो रही है। हालात यह है कि जिला अस्पताल में पेट से संबंधित मरीजों को सोनोग्राफी कराने के लिए निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ रहा है, जहां मरीजों को प्रति सोनाग्राफी के 700 से 800 रूपये चुकाने पड़ रहे है। बता दे कि जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओपी यादव पिछले साल 31 दिसम्बर 2023 को रिटायर हो गए। उनके रिटायरमेंट के डेढ़ साल बाद भी जिला अस्पताल में नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी, जिससे अस्पताल में सोनोग्राफी का कार्य प्रभावित हो रहा है।

#### केवल गर्भवती महिलाओं की हो रही सोनाग्राफी

जिला अस्पताल में केवल दो महिला डॉक्टर द्वारा इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है, इसके अलावा अतिरिक्त मरीजों की सोनोग्राफी जांच नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 500 से एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आते है। ऐसे में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है। जहां मरीजों की जेब हल्की हो रही है। यहां सोनोग्राफी के मरीजों को 700 से 800 रूपये चुकाने पड़ रहे है।

#### शासन को कई बार कराया अवगत, नहीं हुई पदस्थापना

जिला अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग भोपाल को पत्र के माध्यम से कई बार रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की जानकारी दी। लेकिन विभाग की तरफ से भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया है कि कब तक डॉक्टर की पदस्थापना होगी। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर रिटायर होने वाले थे, उसके एक पखवाड़े पहले से ही पत्र जारी किया और डॉक्टर की मांग की थी। इसके बाद भी अनेको बार पत्राचार किया, किन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है। जिससे लोगों के साथ-साथ डॉक्टरों की भी परेशानी बढ़ गई है कि वे मरीज के सही उपचार के लिए सोनोग्राफी नहीं करवा रहे है। बिना सोनोग्राफी के जांच करना या निजी सेंटरों से सोनोग्राफी करवाने की सलाह देना डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है।




#### गरीब मरीजों पर पड़ती है आर्थिक मार

जिला अस्पताल में निःशुल्क सोनोग्राफी की जाती है, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को निजी सेंटरों पर सोनोग्राफी करवानी पड़ रही है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। जहां पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए उनको 700 से 800 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी। कई लोगों के पास रूपए नहीं होने पर सोनोग्राफी तक नहीं करवा पा रहे है। लेकिन अभी अस्पताल में नये रेडियोलॉजिस्ट को लेकर कोई ठिकाना नहीं है। कब तक नए डॉक्टर अस्पताल को मिलेगा, यह बताना भी अभी संभव नहीं है।

#### इनका कहना है

जनरल सोनोग्राफी के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी के लिए दो महिला डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है, जो गर्भवतियों की सोनोग्राफी करने में प्रशिक्षित है। बाकी के कुछ विशेषज्ञों को भी प्रशिक्षण दिया जाना है। उसके लिए प्रस्ताव भेजा है, मंजूरी मिलती है तो उन्हें भी प्रशिक्षित किया जायेगा।

\- डॉ. जगदीश घोरे,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल

---

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाखों किसानों के जीवन में आया सुधारः मंत्री उइके

### जिले के 2 लाख 65 हजार 734 कृषकों को 53.14 करोड़ की राशि का अंतरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त 20 हजार 500 करोड़ की राशि 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। जिसका जिला स्तरीय कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके की अध्यक्षता में बैतूल बाजार स्थित दीप्ति मैरिज लॉन में आयोजित किया गया। इस दौरान किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 2 लाख 65 हजार 734 कृषकों को 53.14 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रुपये 6 हजार की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम 2 अगस्त को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। योजना अंतर्गत जिले के लाखों किसानों के परिवारों में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कृषकों ने देखा।

कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों के साथ कृषकों की परिचर्चा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, एसडीएम मकसूद अहमद, उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

---

### आदिवासी छात्रावास मुद्दे पर कांग्रेस का अनोखा विरोध

# भैंस के आगे बजाई बीन, फिर जलाया पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शनिवार कांग्रेसियों ने भैंस के आगे बीन बजाई और आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त का पुतला फूंका। जनजाति कार्य विभाग की अनदेखी से नाराज कांग्रेस सेवादल, आदिवासी कांग्रेस और किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने यहां पहले भैंस का पाड़ा लाकर उसके आगे बीन बजाई, फिर सहायक आयुक्त का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि जनजाति कार्य विभाग जानबूझकर आदिवासी छात्रों के लिए प्रस्तावित छात्रावासों के निर्माण में देरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवासीय कन्या शिक्षा परिसर का भवन वर्षों से अधूरा है, वहीं आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए ब्लॉक स्तर पर छात्रावास की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। जनपद चौक पर हुए इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस सेवादल के जितेंद्र शर्मा, आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी, जनपद सदस्यगण, ग्रामीण आदिवासी शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और कहा कि जब तक विभाग आदिवासी बच्चों को शिक्षा और रहने की मूलभूत सुविधाएं नहीं देता, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार श्याम बिहारी समेले को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि विभाग की निष्क्रियता को तत्काल रोका जाए और छात्रावास निर्माण सहित सभी लंबित कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन प्रशासन की ओर से मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कांग्रेस ने सरकार और विभाग को यह साफ संदेश दिया कि आदिवासी बच्चों की शिक्षा से समझौता अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# एकल संस्कार केंद्र के माध्यम से मिली विक्रमपुर में ग्रामीणों को आरोग्य सेवा

### संस्कृति के साथ स्वास्थ्य की दिशा में एकल अभियान का अभिनव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम विक्रमपुर में एकल अभियान के अंतर्गत हरि कथा संचालित संस्कार केंद्र द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का कुशल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों विशेषकर माताओं और बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आरोग्य के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम केंद्र आचार्य दीदी पिंकी उइके ने जानकारी दी कि एकल अभियान विगत कई वर्षों से ग्राम-ग्राम में हरि कथा के माध्यम से जीवन मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के सिंचन का कार्य कर रहा है। एकल संस्कार केंद्र वनवासी जनजाति की अस्मिता और जीवन पद्धति को सशक्त करने के साथ ही ग्रामीण आरोग्य की दिशा में भी कार्यरत है। इसी क्रम में संस्कार केंद्रों पर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में संच प्रमुख छोटू यादव, गतिविधि प्रमुख सोनू यादव, अभियान प्रमुख पप्पू ऊपराले एवं अन्य टोली के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। ये कार्यकर्ता सतत प्रवास के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य शिविरों का सफल संचालन कर रहे हैं। एकल हरि कथा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बिलगैया ने बताया कि संस्कार केंद्र के माध्यम से पौधा रोपण, खेलकूद गतिविधियां, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम स्वच्छता, तुलसी पौधा रोपण जैसे अनेक विषयों पर भी कार्य किया जा रहा है। साथ ही राम कथा, अखंड भारत स्मृति दिवस, श्री कृष्णा कथा जैसे आयोजनों के माध्यम से ग्रामीणों में सांस्कृतिक चेतना का संचार किया जा रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया। ग्रामीणों ने एकल अभियान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।




---

### डॉन बॉस्को स्कूल में चयन प्रतियोगिता

# अंडर-17 और 19 बालक-बालिका चयन में 550 ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अंडर-17 और अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट चयन ट्रायल शनिवार को डॉन बॉस्को स्कूल में सम्पन्न हुए। इस ऐतिहासिक आयोजन में बैतूल जिले के सभी ब्लॉकों से आए कुल 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संत थेरेसा स्कूल में दिनभर क्रिकेट का मेला सा माहौल बना रहा। महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए चयन में शामिल होने का प्रयास किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संत थेरेसा स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मेरी मिनी और फादर बेंजामिन उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सम्मानित भी किया। जिला खेल अधिकारी धर्मेंद्र पवार ने बताया कि बैतूल के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर क्रिकेट ट्रायल आयोजित किया गया है। खिलाड़ियों में इस चयन प्रक्रिया को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ट्रायल का संचालन डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) और संत थेरेसा स्कूल के अनुभवी कोच मोइज़ मंसूरी द्वारा किया गया। मोइज़ मंसूरी ने बताया कि उनके 7 वर्षों के कोचिंग करियर में यह पहला मौका है जब इतने अधिक खिलाड़ियों का ट्रायल लिया।

---

# मेंटेनेंस के कारण कल बंद रहेगी बिजली

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 4 अगस्त से 8 अगस्त तक अलग-अलग फीडरों का प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि 4 अगस्त को 11 केव्ही ग्रीन सिटी के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गू ढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सिटी, माचना नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेनिंग सेंटर, जज कॉलोनी, मांझी नगर, तिवारी पेट्रोल पंप के पास वाले क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 5 अगस्त को 11 केव्ही खंजनपुर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक खंजनपुर, अर्जुन नगर, टेलीफोन कॉलोनी, विकास नगर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तल ढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल, डिपो रोड में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसके अलावा 6 अगस्त को 11 केव्ही कालापाठा फीडर के मेंटेनेंस के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोहिया वार्ड, चुन्नीढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 7 अगस्त को 11 केव्ही रामनगर फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रामनगर, गर्ग कॉलोनी, अचलपुर नाका, पटवारी कॉलोनी, जयप्रकाश वार्ड, खखरा जामठी में तथा 8 अगस्त को 11 केव्ही सोनाघाटी फीडर के कोसमी फाटक, पॉलिटेक्निक कॉलेज, सोना घाटी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

---

### जिला स्तरीय के बाद अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बैतूल जिले का करेगी प्रतिनिधित्व

# शासकीय उत्कृष्ट उमावि बैतूल ने पर्यटन क्विज में पाया प्रथम स्थान

**बैतूल।** मप्र सरकार पर्यटन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब विद्यालय की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक भूपेंद्र वरकडे ने बताया कि जिले से 197 विद्यालयों के 591 विद्यार्थियों का पंजीयन था, जिसमें से 171 विद्यालयों के 513 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने क्विज में सहभागिता की। क्विज के प्रारम्भ में सुबह 10 से 12 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 3-3 विद्यार्थियों की 171 टीमों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को 100 प्रश्नों का प्रश्न पत्र हल करने दिया गया। प्रश्न पत्र में विद्यार्थियों से मप्र के ऐतिहासिक, भौगोलिक और पर्यटक स्थलों से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा के पश्चात प्रथम 6 टीमों ने मल्टीमीडिया क्विज में भाग लिया। क्विज के परिणाम के अनुसार क्विज की प्रथम विजेता शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल 315 अंक, द्वितीय स्थान पर शासकीय हाई स्कूल बाकूड 240, तृतीय स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनोरा 210 अंक, चतुर्थ स्थान पर गुरुकुल विद्यालय मुलताई 195 अंक, पंचम स्थान पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज 160 अंक एवं छठवें स्थान पर ओजस विद्यालय आमला ने 150 अंक के साथ प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.अनिल कुशवाहा जिला शिक्षा अधिकारी जिला बैतूल एवं सहायक अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सुबोध शर्मा द्वारा विजेता टीमों को बधाई दी गई। इस दौरान टीमों कों मप्र पर्यटन विभाग द्वारा मेडल और शानदार टूर पैकेज कूपन दिए गए।जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह के सहायक संचालक भूपेंद्र वरकडे, मप्र पर्यटन विभाग के श्री एस अवस्थी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासंपानी के प्राचार्य नागेश पवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडोरा के प्राचार्य दिलीप डाबड़े, शासकीय उमावि गंज के प्राचार्य ललित कुमार लिलोरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में विनोद लिखितकर, हरिओम बादशाह एवं प्राचार्य, हाई स्कूल मलकापुर प्राचार्य संजय गुहे, स्कूल जासोदी श्री बनाहित, मॉडल स्कूल घोड़ाडोंगरी रामेश्वर नागले का सहयोग प्राप्त हुआ।



## एनसीसी यूनिट के द्वारा किया गया पौधरोपण

**सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में गर्ल्स एनसीसी इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर रघुवंशी द्वारा पौधारोपण कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। समस्त मनुष्य जाति एवं जीव जंतु अपनी सभी जरूरतों एवं जीवन के लिए पेड़ पौधों पर निर्भर करते हैं। अतः अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हमें पर्यावरण को संरक्षित करना होगा तभी हम आने वाली पीढ़ी को जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ पर्यावरण प्रदान कर पाएंगे। एन सी सी गर्ल्स इकाई प्रभारी डॉ जया कैथवास अपने वक्तव्य में बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाया गया है। प्रत्येक व्यक्ति ने जीवन का पहला पाठ अपनी मां से ही सीखा है। इसलिए मां हर व्यक्ति के लिए प्रथम गुरु है। और उनके सम्मान में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी को भाग लेना चाहिए । वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के यादव ने विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण की जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया।

### दबंगों के आगे प्रशासन मौन, आबंटित स्थान से अधिक क्षेत्र में लगा रहे हैं दुकान

# बीच सड़क पर लगाया जा रहा राखी बाजार, बाधित हो रही है आवाजाही

रक्षाबंधन त्यौहार के लिए राखी, रुमाल व अन्य सामग्रियों की दुकानें शहर में गांधी मंच के सामने लगाई जा रही हैं। लेकिन कई दुकानें आवाजाही के रास्तों पर ही लगा दी गई हैं, जिसके कारण आवाजाही बाधित हो रही है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रक्षाबंधन त्यौहार के लिए राखी, रुमाल व अन्य सामग्रियों की दुकानें शहर में गांधी मंच के सामने लगाई जा रही हैं। लेकिन कई दुकानें आवाजाही के रास्तों पर ही लगा दी गई हैं, जिसके कारण आवाजाही बाधित हो रही है। नागरिकों ने बताया कि रास्तों पर लगाई गई दुकानों के कारण बहुत अधिक परेशानी हो रही है। गांधी मंच के आसपास संचालित सभी दुकानों के संचालकों ने शनिवार को इस स्थिति की सूचना नगर परिषद को दी। जिसके बाद नगर परिषद कर्मी व्यवस्था सुधारने बाजार पहुंचे। लेकिन मार्गों पर दुकान लगाने वाले व्यापारी अपने-अपने क्षेत्र के दबंगों या पार्षदों का नाम बताकर कार्रवाई को बाधित करने लगे। जिसके चलते नगर परिषद कर्मी निराश हुए। वहीं आसपास के व्यापारियों में इस बात का रोष नजर आया कि शहर के कई प्रभावी लोगों सहित जनप्रतिनिधि ही बाजार की व्यवस्था को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। वर्षों से बाजार में यही हो रहा है व दिनोंदिन स्थिति बिगड़ रही है। नागरिकों ने बाजार में बिगड़ चुकी व्यवस्था को सुधारने की मांग सोहागपुर एसडीएम, नप सीएमओ तथा थाना प्रभारी से की है।

### अधिक क्षेत्र में दुकानें

कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें आवंटित स्थल से अधिक क्षेत्र में लगाई हैं। नपकर्मियों ने बताया कि सभी राखी दुकानों के लिए 6 फुट गुणा 6 फुट का स्थान आवंटित किया गया है। वहीं नागरिकों ने बताया कि कई लोग 18 फीट लंबी एवं 12 फीट तक चौड़ी दुकानें लगा रहे हैं। जिन्हें मना करने नगर परिषद के कर्मचारी शनिवार शाम पहुंचे तो ने कईयों ने नपकर्मियों को धमकी भी दी। जिसके बाद नपकर्मी चुप हो गए। शहरवासियों के अनुसार प्रशासन बाजार की व्यवस्था संभालने में हमेशा ही नाकाम सिद्ध हुआ है।

## जंगली सूअर का शिकार करना पड़ा महंगा, 1 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वन परिक्षेत्र इटारसी अंतर्गत आने वाले नजरपुर गांव के जंगल में हुए जंगली सूअर के शिकार के मामले में वन विभाग की टीम ने शनिवार तड़के सर्च ऑपरेशन चला कर तीन शिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस दौरान मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया जबकि दो फरार बताए जा रहे है।

वन विभाग की टीम को नजरपुर गांव के पास जंगली सूअर के शिकार की सूचना मिली थी। मुखबिर से सूची सूचना के आधार पर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में डिप्टी रेंजर अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने नजरपुर के बड़ी बीड गांव में शनिवार तड़के सर्च ऑपरेशन चलाकर एक घर से जंगली सूअर का मांस बरामद किया। मामले में टीम ने मौके से शिवचरण नामक एक युवक को जब हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने नजरपुर गांव में रहने वाले दो भाइयों मनोज ओर संजय के साथ मिलकर झाड़ियों में फंसे एक जंगली सूअर का शिकार किया था।

शिकार के बाद तीनों उसे लेकर घर आए ओर आधा खाने के बाद ओर शेष ठिकाने लगाने के मूड में थे लेकिन इसी बीच वन विभाग की टीम के आने के कारण सफल नहीं हो सके।

हालांकि टीम के दबिश देने के पहले दोनों आरोपी संजय और मनीष भाग निकले। मौके से शिवचरण को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वन प्राणी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कि। कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेंजर शिव कुमार तिवारी। नरेंद्र बड़कुर, अमित शुक्ला, समीर, गया प्रसाद पटेल शामिल रहे।

## नपा ने बरसाती का किया वितरण, अध्यक्ष बोले कर्मचारियों का सम्मान करना ही प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा वर्षा ऋतु के मद्देनज़र सफाई कर्मचारियों को बरसाती वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज नगर परिषद कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष रिंकू जैन, उपाध्यक्ष स्वाति शैलेन्द्र गौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरसिंह उइके, सफाई प्रकोष्ठ बजरंग दल के प्रांतीय अध्यक्ष शिव राठौर, पार्षद दुर्गेश उइके सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी मैदानी सफाई कर्मचारियों को बरसाती वितरित की गई, जिससे वे बरसात में भी बिना बाधा अपने कार्यों को सुरक्षित ढंग से जारी रख सकें। यह पहल न केवल कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है, बल्कि यह उनके प्रति संस्था की जिम्मेदारी और सम्मान को भी दर्शाती है। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष रिंकू जैन ने कहा "हमारे सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता और व्यवस्था के असली योद्धा हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। हम निरंतर उनके हितों के लिए कार्य करते रहेंगे।" उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शैलेन्द्र गौर ने अपने उद्बोधन में कहा –"हमारी कोशिश है कि कर्मचारियों को हर वह सुविधा दी जाए, जिसकी उन्हें ज़रूरत है। बरसाती वितरण एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन इससे हम उनके सम्मान और सहयोग को व्यक्त करना चाहते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरसिंह उइके ने बताया कि नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों की मांगों जैसे ड्रेस, बरसाती और एरियर्स भुगतान पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। सभी कर्मचारियों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि उनकी समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर हल की जाएंगी।



## खेड़ापति माता मंदिर ग्राम गूजरवाड़ा में पौधरोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम ने खेड़ापति माता मंदिर ग्राम गूजरवाड़ा में वृक्षारोपण कर वायु दूत ऐप पर अपलोड किए गय।

जिसमें कृषि समिति सभापति जनपद पंचायत माखन नगर सभापति भगवानदास यादव, सरपंच प्रताप सिंह यादव, शिक्षक राजकुमार यादव,अक्षय तिवारी, हेमंत पटेल, गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, परामर्शदाता सुरेश यादव,शुभम् यादव, रंजीत यादव, मुकेश विश्वकर्मा, नीतेश यादव, जितेंद्र पाल, पुष्पेन्द्र पटेल, असीम गुप्ता, प्रदीप सीठा आदि उपस्थित रहे।

## नर्मदा महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर परिचर्चा की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मां नर्मदा महाविद्यालय इटारसी में कारगिल विजय दिवस पर परिचिर्चा का आयोजन किया गया। परिचिर्चा का संचालन शहनाज नजमी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल दिनेश कनौजिया, सूबेदार मेजर मनोज कुमार शर्मा, बीएचएम राजकुमार एवं क्लर्क महेंद्र एवं संचालक दीपक हरिनारायण द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संचालक दीपक अग्रवाल द्वारा कारगिल विजय दिवस के बारे में बताया कि देश की रक्षा करना हर नागरिक का सबसे बड़ा धर्म है हमें सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मुख्य अतिथि कर्नल दिनेश कनौजिया द्वारा कारगिल युद्ध समय की सभी परिस्थितियों का वर्णन करते हुए अपने अनुभव साझा किऐ जो बहुत ही प्रेरणादायक एवं मार्मिक रहे उन्होंने युद्ध के दौरान जवानों के साहस, बलिदान, संकल्पो को याद किया।

उन्होंने युद्ध के दौरान हुई कठिनाइयों जैसे ऊंचाइयों पर युद्ध, खराब मौसम, राशन की कमी का भी जिक्र किया। नर्मदापुरम में स्थित १* एमपी बटालियन एनसीसी और क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में एनसीसी इकाइयों के देखरेख के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि हर 6 महीने में अलग-अलग पुरुष /महिला पद हेतु विज्ञापन जारी होते रहते हैं। इसके बाद छात्र-छात्राओं से संवाद का कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने हमारी सेना के तीनों विंग जल, थल और वायु सेना के बारे में सवाल जवाब किए जिनका कर्नल कनौजिया ने विस्तार से जवाब दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र, छात्राओं सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## पचमढ़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र में मना विश्व स्तनपान दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

पचमढ़ी वार्ड 2 के केंद्र मैं विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस वैश्विक पल का पहल का उद्देश्य माताओ और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटना है। गर्भवती और धात्री महिलाओं को प्रसव के तुरंत 1घंटे के भीतर स्तनपान कराने,और 6माह तक केवल मां का दूध पिलाने की समझाइश दी गई।मां का दूध बच्चे का पहला टीकाकरण हैं,इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बताया गया।

इस दौरान पर्यवेक्षक रजनी वर्मा, कार्यकर्ता सुनीता नागवंशी,सहायिका रंजिता ठाकुर, सिस्टर महिला, बच्चे उपस्थित हुए।

## काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' का विमोचन आज

### पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्रह्मलीन पं. सहारिया के काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' का विमोचन आज होगा। देश में बुंदेली गीतों के ख्यात कवि रहे ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की रचनाओं का काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' आज विमोचित किया जाएगा। इस आयोजन के सूत्रधार तथा पं. सहारिया के पुत्र पं. पद्मकांत सहारिया ने बताया कि पूज्य पिताजी के देहत्याग उपरांत उनकी प्रथम जन्म जयंती पर रविवार की दोपहर यह आयोजन सी 4 सिटी मॉल के चतुर्थ तल के हॉल में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े पं. अरविंद सहारिया एवं प्रशांत बसेड़िया ने बताया कि काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' का विमोचन पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक विजयपाल सिंह, चौधरी माधव सिंह, नारायण श्रीवास्तव, प्रो. माधव श्रीवास्तव, कन्नूलाल लाल अग्रवाल एवं चौधरी राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में किया जाएगा। जिसके बाद काव्य गोष्ठी होगी। जिसमें कविगण रामकिशोर नाविक इटारसी, खलील करेलवी करेली, जयकृष्ण चाण्डक हरदा तथा राजकुमार कोरी 'राज' बैतूल अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन सहारिया परिवार की ओर से किया जा रहा है।

## रात्रि में बस चालक हाईवे के बीचों-बीच रोक देते हैं बस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिले में निजी बस चालकों की मनमानी लगातार जारी है। बस चालक कहीं भी स्टेट हाईवे के बीच वाहन रोककर सवारियां उतारते तथा बिठाते हैं और इससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। गत रात्रि नर्मदापुरम से सोहागपुर के बीच एक बस चालक ने विविध स्थानों पर सवारियां बिठाने एवं उतारने के लिए वाहन स्टेट हाईवे के बीच रोका तथा आवागमन बाधित होता रहा। रात में यह स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। अतः आवश्यक है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दे।

## वेयर हाउस की जांच करने पहुंचा अधिकारियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शनिवार को वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने मूंग खरीदी केंद्र आदि देव वेयरहाउस एवं ममता वेयरहाउस पर पहुंचकर खरीद की गई मूंग की जांच की स्टेग की जांच की गई और सैंपल लिए हैं अधिकारियों ने जांच के दौरान किसानों को और मीडिया के लोगों को बाहर ही रखा गया। खबरें आ रही थी की समिति आदि वेयरहाउस में जो उपार्जन केंद्र बने है उनमें अमानक मूंग खरीदी जा रही है। जांच के दौरान स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारी एसडीओ सलिल साहू वेयरहाउस कॉरपोरेशन की मैनेजर श्वेता पवार तहसीलदार अंकित मौर्य अन्य अधिकारी कर्मचारी सर्वेयर की उपस्थिति में पंचनामा बनाया गया और सैंपल जांच के लिए गए हैं वही एक सवाल है कि अन्य वेयरहाउस की जांच क्यों नहीं हो रही हैं। शनिवार होने कारण खरीदी बंद थी 50 से ज्यादा ट्राली वेयरहाउस के पास खड़ी है कुछ किसानों की स्लॉट 4 अगस्त है किसानों में चिंता है कि हमारी मूंग तुलेगी या नहीं किसानों ने अपनी समस्या अधिकारियों को बताई हैं। जांच करने आए अधिकारियों में वेयरहाउस लॉजिस्टिक कार्पोरेशन केआर एम स्तर के अधिकारी शामिल हैं उन्होंने ने जांच की बात कही है खरीदी गई मूंग का सैंपल लिया गया है यह जांचने के लिए की मूंग नान एफ ए क्यू या एफ ए क्यू है जो भी जांच में जो भी निकाल कर आएगा बता दिया जाएगा।

### अमृत हरित महाभियान अंतर्गत किया नप के नव उद्यान में पौधरोपण

## सीताराम विद्यालय में मनाया विधिक सेवा व प्राकृति सेवा दिवस न्यायाधीशों के साथ ही विद्यार्थियों ने किया सघन पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार लगातार विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। इसके अलावा प्राकृति सेवा दिवस भी विधिक साक्षरता सेवा समिति के द्वारा मनाए जा रहे हैं।इसी क्रम में गत दिवस सोहागपुर के सीताराम विद्यालय जमनी सरोवर में विधिक साक्षरता शिविर एवं प्राकृति सेवा दिवस मनाया गया। जिसमें पौधारोपण किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार तथा तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जमनी सरोवर के समीप स्थित सीताराम विद्यालय में किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के आसपास एवं जमनी सरोवर परिसर में बांस प्रजाति सहित फलदार व छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं। उक्त पौधों को पंच-ज के अंतर्गत विधिक सेवा प्राकृति सेवा दिवस के रूप में रोपित किया गया है। इसके बाद विद्यालय कक्ष में बच्चों के बीच उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। जिसमें न्यायाधीशों सहित अधिवक्ताओं ने विधिक साक्षरता के विषय में विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षकों को जानकारी दी। वहीं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी विद्यार्थियों को दिलाया गया। इस कार्यक्रम में न्यायाधीशद्वय सुरेश कुमार चौबे तथा तेजदीप सिंह सासन सहित अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।



सोहागपुर नगर परिषद द्वारा अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत गत दिवस पिपरिया मार्ग स्थित नव उद्यान में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें नपा अध्यक्ष लता यशवंत पटेल एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा की उपस्थिति में विविध प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं।सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि अमृत हरित महा अभियान वह प्रक्रिया है, जिसका लक्ष्य वृहद पौधारोपण कर पृथ्वी के आगामी भविष्य को हरियाली से आच्छादित करना है। इसी मंशा के साथ लक्ष्य पूर्ति के लिए नगर में पिपरिया रोड स्थित नवीन पार्क में पौधरोपण किया गया है। इस दौरान नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षदगण शकुन बाई सराठे, कविता दीपक साहू, ज्योति नितिन चौरसिया,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं नपकर्मियों ने भी पौधारोपण आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम दौरान विविध प्रजातियों के लगभग 50 पौधे रोपित किये गए।




## रेलवे स्टेशन से स्टेट हाईवे तक निर्मित घटिया सड़क के विरोध में युवा कांग्रेस करेगी लापरवाह कर्मचारियों व ठेकेदार पर एफआईआर की मांग

**सोहागपुर।** सोहागपुर शहर में रेलवे स्टेशन से स्टेट हाईवे तक डामर रोड बनाई गई है। लेकिन रोड गुणवत्ताहीन बनी है। जिसका विरोध आमजन कर रहे हैं। अब आमजनों के विरोध को शब्द देते हुए युवा कांग्रेस की ओर से मामले में कार्रवाई की मांग की जाएगी।युवा कांग्रेस पूर्व जिला उपाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित सहित अन्य युवा कांग्रेसियों कार्तिक शर्मा, प्रखर शर्मा आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन से स्टेट हाईवे तक लगभग 600 मीटर लंबी डामर रोड बनाई गई है। यह डामर रोड पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन बनी है। क्योंकि पहली ही बारिश में इसमें दर्जनों गहरे व चौड़े गड्ढे हो गए हैं। ऋषभ दीक्षित ने बताया कि सर्वाधिक हास्यापद व चिंताजनक स्थिति यह है कि राजस्व अधिकारियों के शासकीय आवासों के समक्ष ही सड़क में सर्वाधिक गड्ढे हैं। लेकिन अधिकारी इस खराब स्थिति को नहीं देख पा रहे हैं और मौन साधे बैठे हैं। अतः युवा कांग्रेस अब मामले में जिला प्रशासन सहित मप्र शासन के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के नाम लिखित आवेदन भेजकर कार्रवाई की मांग करेगी। प्रशासन तथा शासन से मांग की जाएगी कि लापरवाह ठेकेदार सहित संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मियों पर शासकीय राशि के दुरुपयोग के चलते एफआईआर की जाए।


epaper.haribhoomi.com
Bhopal Narmda Bhoomi - 01 Aug 2025 - Page
निर्माण के बाद पहली बारिश में ही खस्ताहाल हुई सड़क
नागरिकों की मांग-घटिया सड़क का हो पुनर्मूल्यांकन

180 वर्षों का विश्वास, लगातार आपके साथ
सफदर अली मेडिकल स्टोर
सोहागपुर क्षेत्र में 180 वर्षों से आपके स्वास्थ्य की चिंता में संलग्न हमारा संस्थान सफदर अली मेडिकल स्टोर लेकर आया है स्व निर्मित दवा- डॉ. जोएब अली कफ सीरप
डॉक्टर जोएब अली
(मुल्ला जी/बोहरा जी का मेडिकल स्टोर)
राजेंद्र वार्ड, कमानिया गेट के आगे, सोहागपुर 8517978252




- यह दवा सभी प्रकार की पुरानी से पुरानी खांसी के रोग को दूर करती है।
- यह दवा सूखे तथा गीले कफ को दूर करती है।
- सभी प्रकार के सामान्य व बैक्टीरियल संक्रमण से संबंधित खांसी के रोग को यह दवा दूर करती है।
- इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।
- किसी भी आयु वर्ग के रोगी इस दवा को ले सकते हैं।
- गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए भी यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

**खबर संक्षेप**

### कार्य स्थलों पर आंतरिक परिवाद समिति का गठन के निर्देश

**हरदा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले कार्योलयों में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत आंतरिक परिवाद समिति का गठन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार ऐसे शासकीय एवं निजी कार्यस्थल जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं, ऐसे कार्य स्थलों पर आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना है। उन्होंने निर्देशित किया है कि समिति गठित कर समिति का प्रतिवेदन, पीठासीन अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित करें। निर्देशानुसार समिति गठित न किये जाने पर अधिनियम की धारा 26 अनुसार सभी संबंधित शासकीय व अशासकीय कार्यालय पर 50 हजार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

### शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोखरनी से मिश्रित मत्स्य बीज विक्रय 4 से

**हरदा।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग हरदा ने बताया कि शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोखरनी से मिश्रित मत्स्य बीज आगामी सप्ताह में 4 अगस्त से विक्रय किया जाएगा।

## भवन नहीं होने से ग्रामीणों को खुले मैदान में करने पड़ते हैं सामाजिक कार्यक्रम

# दो हजार की आबादी के बीच गांव में नहीं है कोई सामुदायिक भवन

### मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर आदिवासी गांव जामली के वाशिंदो को एक सामुदायिक भवन की दरकार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर




करीब दो हजार की आबादी वाले आदिवासी गांव जामली में ग्रामीणों को मांगलिक सामाजिक आदि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई भी सामुदायिक भवन , गार्डन आदि की सुविधा नहीं है। ऐसे में उन्हें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीण शासन प्रशासन से कई बार मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है, पिछले दिनों एक बार फिर ग्रामीणों ने पंचायत व जनप्रतिनिधियों से मौखिक व लिखित उक्त भवन के निर्माण की मांग की है।

मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर आदिवासी गांव जामली के वाशिंदो को एक सामुदायिक भवन की दरकार है, दरअसल करीब 2000 की आबादी वाले इस गांव में लोगों को मांगलिक सामाजिक आदि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई भी सामुदायिक भवन, गार्डन आदि की सुविधा नहीं है। इसके चलते ग्रामीणों को कार्यक्रम आयोजित करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में कार्यक्रम करना काफी दूभर होता है, ग्रामीणों का कहना है कि वहां सामुदायिक भवन निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन समस्या अभी तक यथावत बनी हुई है, पिछले दिनों ही पंचायत जनप्रतिनिधि से ग्रामीणों ने मौखिक तौर पर इस समस्या से अवगत कराया था। लेकिन समस्या अभी तक यथावत बनी हुई है, सामुदायिक भवन ना होने के कारण बारिश के दिनों में मांगलिक, सामाजिक आदि कार्यक्रम आयोजित करने में काफी कठिनाइयां होती हैं, लेकिन पंचायत व जनप्रतिनिधियों का इस और ध्यान ही नहीं दे रहे हैं, इसके चलते ग्रामीणों को आयोजन करने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

#### स्वीकृति के लिए भेजा है प्रस्ताव

इस संबंध में ग्राम पंचायत जामली सचिव वैजयंती माला ने बताया कि गांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पंचायत में प्रस्ताव पास कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है, स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

## पुलिस ने मामला जांच में लिया

# ब्लैक फिल्म लगाकर दौड़ रही एसयूवी की चपेट में आने से दो वर्षीय बालक की मौत



**खिरकिया।** घर के बाहर खेल रहे 2 वर्षीय वेदांत जायसवाल को अनियंत्रित तरीके से दौड़ रही एसयूवी वाहन ने कुचल दिया। वाहन के कांच पर ब्लैक कलर की फिल्म लगी हुई थी जिसके कारण विजिबिलिटी नहीं थी संभवत इसी के कारण दुर्घटना हुई होगी। वाहन पर ब्लैक फिल्म चढ़े होने के कारण यह साफ नहीं दिखा कि वहां कौन चला रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा एक युवक को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वाहन के दरवाजों पर लगे कांच पर ब्लैक फिल्म लगे होने और उसके कारण विजिबिलिटी कम होने की स्थिति में पुलिस प्रशासन ने बताया कि वाहन मालिक पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार वेदांत जायसवाल अपने घर के पास में खेल रहा था तब ब्लैक कलर की एसयूवी कार एमपी 09 एई 1657 ने बुरी तरीके से कुचल दिया। दुर्घटना में बच्चे को गंभीर चोटें। दुर्घटना में चपेट में आने के बाद परिजन जैसे तैसे घायल बच्चे को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिड़किया पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने के कारण जिला मुख्यालय हरदा रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

**इनका कहना है...**

गाड़ी को जब्त कर लिया है। वाहन कौन चला रहा था इस संबंध में जांच की जाएगी। ब्लैक फिल्म लगाने के चलते वाहन चालक पर भी अपराध पंजीकृत किया जाएगा। ब्लैक फिल्म लगाने से कई बार विजिबिलिटी कम हो जाती है और दुर्घटना भी होती है।

**राजकुमार झारिया, टीआई, थाना छीपाबड़**

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तरप्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, उपसंचालक किसान कल्याण जेएल कास्दे, तहसीलदार हरदा सहित अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू ने बताया कि हरदा जिले के 59769 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। इनमें हरदा तहसील के 10865, खिरकिया तहसील के 9484, टिमरनी तहसील के 9381, रहटगांव तहसील के 11799, सिराली तहसील के 9876 और हंडिया तहसील के 7843 तथा शहरी क्षेत्र के 521 किसान शामिल हैं।

### हॉकी संघ व मास्टर गेम एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने किया स्वागत



**सीहोर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीहोर ने भोपाल से आई नव नियुक्त खेल अधिकारी रुबिका दीवान ने प्रभार संभाला। नवयुक्त अधिकारी का स्वागत करने सीहोर हॉकी संग के पदाधिकारी खिलाड़ी एवं कोचों ने खेल विभाग कार्यालय सीहोर पहुंचे और रुबिका मैडम को सीहोर में चल रही हॉकी की मेहनत से अवगत कराया हॉकी संघ के पद अधिकारियों में डॉ अनीस खान संरक्षण मास्टर गेम एसोसिएशन राजा राम बड़े भाई पूर्व ओलंपिक हॉकी कोच राशुल सिद्दीकी, अफ़सा सिद्दीकी ,हॉकी संघ के अध्यक्ष राजीव गुजराती पहुंचे। खिलाड़ियों में राज्यस्तरीय खिलाड़ी आयुषी मेवाड़ा, साक्षी सूर्यवंशी, अरीशा सिद्दीकी, किरण, मुस्कान, मानवी, त्रिवेणी, राशि , श्रावस्ती सूर्यवंशी। राज्यस्तर बालक नरेश मीना, हर्षित पुरबिया, लक्की रैकवार, कृष्ण वैभव सिंह सिसोदिया, आदित्य, रिजवान, आकाश, तनिष्क आदि खिलाड़ी उपस्थित थे।

# भूमि सुधार कानून लागू कर गरीबों को स्वामित्व प्रदान करें: खंगराले



**सीहोर।** अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद म.प्र. के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा दलित समाज के सेकड़ों की संख्या में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचकर कलेक्टर के.बालागुरु तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तनमय वर्मा, तहसीलदार भरत नायक के समक्ष ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सीहोर जिले के ग्राम फूल मोगरा के प्रभावशाली मुस्लिम वर्ग द्वारा दलित परिवार के हाथ पैर काटने के उपरांत डर के कारण दलित कृषक महेश पिता नन्द किशोर मालवीय, जीवन, राजाराम, कैलाश पुत्र फकीरचंद मालवीय द्वारा खोट पर पट्टे की अहस्थांतरणीय भूमि को अनावेदकगण मो.शकील पिता वकील निवासी दिवान बाग कस्बा सीहोर, सलीम बेग पिता वसीम बैग, फरीदा कुरैशी पति अलीम उद्दीन कुरैशी निवासी भोपाल द्वारा जिला सहकारी बैंक से बंधक भूमि का फर्जी विक्रय अनुबंध पत्र तैयार कर अहस्थांतरीय पट्टे की भूमि बिना कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के आदेश बिना अहस्थांतरीय शब्द खसरे से हटा कर फर्जी रजिस्ट्री करा ली गई है। इनका यह कृत्य अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 की धारा 3/1/10 एवं 420 की धारा तथा अनुसूचित जाति वर्ग की सुनवाई ना करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध धारा 4 के अन्तर्गत आता है, जो कि दण्डनीय एवं संज्ञीय अपराध की श्रेणी में आता है। श्री खंगराले ने बताया कि इस प्रकार दलितों की भूमि पर अवैध कब्जा एक सामाजिक अन्याय है। भूमि सुधार कानून को लगू करके दलितों को भूमि कानून स्वामित्व प्रदान तत्काल किया जाना चाहिये और गैर दलितों द्वारा इस प्रकार के फूलमोगरा के दलित परिवार व ग्राम डोबरा, सीहोर की भगवती बाई अहिरवार तथा भरोस धावरे पलासीकला भैरूंदा की भी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाना चाहिये, किन्तु जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। शासन की अनदेखी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दलितों पर अत्याचार बरकरार है। मासूम दलित वर्ग के लोग शासन के चक्कर लगा रहे हैं, उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। मांग करने वालों में प्रमुख रूप नरेन्द्र खंगराले, सीताराम भारती, पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, धर्मप्रकाश आर्य, मांगीलाल टिमरई शामिल रहे।

# शालेय खेलों में जोश और उमंग का संचार हरदा विकासखंड में खो-खो प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



शालेय शिक्षा विभाग हरदा के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय 14 वर्ष एवं 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक समन्वयक स्त्रोत शिक्षा विभाग नारायण नायरे, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान एवं मोनिका मेहता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में हरदा विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसनगांव, सनफ्लॉवर स्कूल, संस्कार विद्यापीठ, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन, होलीफेथ स्कूल, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल, जोनर एजुकेशन स्कूल, हरदा ऑफ एजुकेशन, सनरेंज स्कूल एवं एसएसजीवी स्कूल से कुल 22 टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का संचालन निर्णायक भूपेंद्र सिंह तोमर, नितिन रामकुचे, दर्शन खोरे एवं तुलसी श्रीवास के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल ने प्रथम स्थान, फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय स्थान तथा जोनर एजुकेशन स्कूल व संस्कार विद्यापीठ ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 14 वर्ष बालिका वर्ग में द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन ने प्रथम स्थान, सनफ्लॉवर स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा संस्कार विद्यापीठ एवं जोनर एजुकेशन स्कूल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक वर्ग में द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन ने प्रथम तथा महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा 19 वर्ष बालिका वर्ग में होलीफेथ स्कूल ने प्रथम, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल ने द्वितीय तथा जोनर एजुकेशन स्कूल व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मासनगांव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कोच आनंद तिवारी, अनीता मिश्रा, मालती कर्मा, वैशाली मंडलेकर, नारायण प्रसाद सहित सीनियर खिलाड़ी काजल मुकाती, तेजस्विनी ठाकुर, तनिष्का मालवीय, ऋषिका गार्गव आदि अपनी टीमों के साथ प्रतियोगिता में उपस्थित थे।

## अभी तक किया जा चुका है 6216 हितग्राहियों को लाभान्वित

# धरती आबा अभियान के तहत शिविर लगाकर किया गया 858 हितग्राहियों को लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 30 जून को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 858 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

अभियान के तहत जिले के चिन्हित गांवों में लगाए जा रहे शिविरों में अभी तक 6216 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया जा रहा है और इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

## हेंड होल्ड एक्स-रे मशीन से किया गया 50 से अधिक टीबी मरीजों का एक्स-रे



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा टीबी मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सीहोर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 50 से अधिक मरीजों का हेंड होल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा एक्स-रे किया गया। इसके साथ ही जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीबी की स्क्रीनिंग के लिए कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे टीबी के लक्षण दिखाई देने पर जल्द से जल्द अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपनी टीबी की जांच कराएं। ताकि जल्द से जल्द उपचार प्रारंभ किया जा सके और जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।